तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024

10 मोतियाबिंद सर्जरी से आगे नहीं बढ़ पाया माना का अस्पताल

12 पर्यावरण बचाने के लिए प्लास्टिक रूपी रावण ...




B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप

### 11 साल की नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**डौंडीलोहारा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम में शुक्रवार को शाम 4 बजे के आसपास एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। टीआई वीणा यादव ने बताया कि लगभग 11 साल की बच्ची अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी। तभी ग्राम का ही 24 वर्षीय आरोपी युवक उसे बहला फुसलाकर अपने घर ले गया व अनैतिक कार्य किया। लड़की ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। उसके बाद परिजनों ने रात में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### ग्राम बम्हनी कबड्डी प्रतियोगिता 19 को

**बालोद/निकुम।** जय शीतला स्पोर्ट क्लब व समस्त ग्रामवासी बम्हनी के तत्वावधान में 19 अक्टूबर शाम 6 बजे कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय 3001 रुपये, तृतीय 2001 रुपये व चतुर्थ 1001 रुपये व विनर ट्राफी व आकर्षक पुरस्कार विजेता का दिया जाएगा। समिति अध्यक्ष विक्रम यादव व मुकेश पटेल ने बताया कि मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कुंवरसिंह निषाद होंगे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत चीरचार सरपंच चुकेश्वर साहू व विशिष्ठ अतिथि ग्राम प्रमुख रामसाय देवांगन करेंगे।

### मोबाइल लूटकर हुआ फरार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** देवी दर्शन के लिए निकला व्यक्ति लूट का शिकार हो गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 110 बडा सिविल लाईन वार्ड 29 दुर्ग निवासी महेश कुमार देशमुख हर्बल लाईफ न्यूट्रीशियन का काम करता है। अपनी पत्नि अंजली देशमुख, साली जया देशमुख के साथ दुर्गा माता का दर्शन कर ग्रीन चौक गए थे। रेल्वे कालोनी के पास से पैदल जा रहे थे इस दौरान अज्ञात युवक ने जेब में रखा मोबाईल झपट्टा मारकर लेकर फरार हो गया। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। युवक तुरंत फरार हो गया।

### ड्रग इंस्पेक्टर का झांसा देकर कार्रवाई की धमकी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** ड्रग इंस्पेक्टर का झांसा देकर मेड़िकल संचालक को धमकी देकर मिलने बुलाने वाले पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 204, 3(5), 331(1), 351 (4) के तहत कार्रवाई किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम धुमा निवासी रघुनंदन प्रसाद वर्मा किसानी का काम करता है। शिकायत किया है कि उसका बेटा दिलेन्द्र कुमार वर्मा का तीन साल पहले से मेडिकल स्टोर्स का लायसेंस बनाकर ग्राम चीचा में हंसु मेडिकल स्टोर्स संचालित करता है। कुछ दिन पहले दवाई लाकर बेटा घर में रखा था कि 10 अक्टूबर को दशगात्र में ग्राम सिलपट्टी पीड़ित गया था। घर पर बहू कंचन वर्मा बच्चो के साथ थी। बेटा मेडिकल दुकान चीचा गया था। मोबाइल धारक ने कॉल कर स्वयं को ड्रग इस्पेक्टर बताते हुए। बिना लायसेंस की दवा बेचने का आरोप लगाकर कार्रवाई की धमकी दे रहा था। मोबाइल धारक ने पीड़ित को खैरागढ़ कलेक्टर कार्यालय में मिलने की बात कही।






पर्व : जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी निकाली गई शोभायात्रा

# अंचल में मां दुर्गा को नम आंखों से दी गई विदाई ज्योति-जंवारा व प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में विभिन्न जगहों पर पंडालों में विराजमान जोत जंवारा के साथ माता दुर्गा, काली तथा माता सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार को किया गया। युवा वर्ग बाजे गाजे के साथ झूमते हुए उत्साह के साथ विसर्जन शोभायात्रा में शामिल हुए। बुजुर्ग वर्ग सेवा जसगीत के साथ माता रानी के जयकारे लगाते हुए नजर आए। वहीं, महिलाएं माता को विदाई देने के लिए शोभायात्रा में शामिल हुईं।

पंडालों में विराजमान हुई माता दुर्गा की प्रतिमाओं की शोभायात्रा में सर्वप्रथम देवी मंदिरों में स्थापित देवी देवताओं तथा डांग को परम्परानुसार निमंत्रण देने के बाद देवी सवार डांग को मंदिरों से बाजे गाजे के साथ माता दुर्गा की प्रतिमा तक लाया गया। उसके बाद माता की शोभायात्रा में देवी सवार डांग भी शामिल हुए।



### दोपहर से देर शाम तक चलता रहा सिलसिला

नौ दिनों तक चले क्वांर नवरात्रि पर्व का समापन रविवार को हो गया। पूरे नौ दिनों में जिले भर के देवी मंदिरों व पंडालों में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरी भक्ति भावना के साथ पारम्परिक पूजा अर्चना की गई। इस दौरान जिले भर में लोग भक्ति में डूबे रहे। रविवार को नवरात्रि पर्व का समापन हुआ । शहर में दोपहर से लेकर देर शाम तक माता की प्रतिमाओं का विसर्जन गंगा सागर तालाब में किया गया। पूरी शोभायात्रा और विसर्जन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।


### ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक जसगीत के साथ निकाली गई शोभायात्रा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में माता दुर्गा की प्रतिमाओं व ज्योतिकलश तथा जंवारा के विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान गांव के लोगों ने मांदर व ढोलक, मंजीरा के साथ पारंपरिक जस गीत गाते हुए शोभायात्रा निकाली। सुबह से लेकर शाम तक ग्रामीणों का हुजूम उमड़ता रहा। कहीं-कहीं बाजे गाजे के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए माता की विदाई की गई। माता दुर्गा को गांव में भ्रमण कराने के बाद गांव के तालाब में उन्हें विसर्जित किया गया।

## गंगा मैया पावन धाम झलमला में नवरात्रि पर हुए विविध कार्यक्रम

**बालोद।** गंगा मैया पावनधाम झलमला में शारदीय नवरात्रि महोत्सव का समापन 12 अक्टूबर को दुर्गा सुर संध्या लोकगीत, नृत्य एवं प्रहसन के रूप में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच रेंगाडबरी की प्रस्तुति के साथ हुआ। बता दें कि यहां नवरात्रि पर 900 ज्योति कलश की स्थापना की गई थी। पूरे 9 दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दुर्गा महाअष्टमी के अवसर पर 11 अक्टूबर को दानदाताओं एवं मंदिर ट्रस्ट की ओर से विशाल कन्याभोज का आयोजन किया गया, जिसमें 900 कन्याओं ने एक साथ सामूहिक भोजन ग्रहण किया। भोजन परोसने का कार्य लगभग 50 महिलाओं ने किया। प्रत्येक कन्या को भेंट स्वरूप स्टील की थाली प्रदान की गई।


समस्त कार्यक्रमों का संचालन डॉ. प्रवीण गुप्ता बालोद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक आरके. अठनागर लिमोरा थे, मातासेवा गायन में प्रभारी एस.एल. मंडावी तथा निर्णायक रामकुमार साहू एवं बिझावर सिन्हा थे।



### उपलब्ध कराई गई प्राथमिक उपचार की सुविधा

मंदिर परिसर में जिला स्वास्थ्य विभाग बालोद द्वारा प्रतिदिन प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। मेला परिसर में गंगा मइया दाल-भात सेवा संचालित रही। पूड़ी–सब्जी सेवा, भोग–प्रसाद सेवा, कैलाश–गुफा दर्शन एवं निःशुल्क जूता–चप्पल की व्यवस्था पूर्ववत जारी रही।

## कोटवारों ने तहसीलदार से भवन बनाने मांगी जमीन



हरिभूमि न्यूजःडौंडी

ब्लाक के कोटवारों ने संघ का भवन बनाने भूमि आवंटित करने की मांग को लेकर बीआरसी कार्यालय के सामने पंडाल लगाकर तहसीलदार हिंसाराम नायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर व जनपद सदस्य संजय बैस को आमंत्रित कर अपनी समस्या गिनाई।

इस दौरान ब्लॉक कोटवार संघ ने तहसीलदार नायक संघ के लिए भवन बनाने जमीन आंबटन की मांग रखी। जिस पर तहसीलदार नायक ने कोटवार संघ को जरूरी स्थल चयन करने पश्चात प्रक्रिया पूर्ण कर जमीन आरक्षित करने आश्वस्त किया। जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि आपकी जायज मांगों का हर संभव निदान किया जाएगा। आमंत्रित देवलाल ठाकुर को कोटवार संघ ने मांग पत्र सौंपा तो ठाकुर ने कहा कि जमीन आरक्षित होते ही वे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर कोटवार संघ भवन बनाने की मांग प्रमुखता के साथ रखेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब ले भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बनिस तब ले सबों काम सांय सांय होवत हे। कोटवार संघ के मांग ला पूरा कराय के जवाबदारी मेहा लेवत हो, यहू काम सांय सांय होही। इस मौक़े पर ब्लाक कोटवार संघ अध्यक्ष कामता दास, सचिव कमल दास, उपाध्यक्ष नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष गोविन्द दास, अर्जुनसिंह, बलदेव दास, हार्दिक दास, तिलोचन दास, जयप्रकाश, बिरसिंह सहित सदस्यों द्वारा आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### मासूम से दुराचार मामले की जांच के लिए कांग्रेस ने बनाई समिति

**गुरूर।** धमतरी जिले के एक गांव में 18 सितंबर को 4 साल की मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार की घटना के बाद कांग्रेस ने लचर सरकारी सिस्टम का आरोप लगाते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने 6 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। टीम की संयोजक विधायक संगीता सिन्हा बनाई गई हैं। वहीं, सदस्यों में विधायक नगरी सिहावा अंबिका मरकाम, पूर्व प्रत्याशी कुरूर विधानसभा तारिणी चन्द्राकर, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी शरद लोहाना, सदस्य जिला पंचायत कविता बाबर, अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस घनेश्वरी साहू शामिल हैं। जांच समिति के सदस्य ग्राम का दौरा कर पीड़ित परिवार व ग्रामवासियों से भेंट व चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौपेंगे।



## आदर्श आचार संहिता लगने से पहले ही प्रारंभ करवाएं निर्माण कार्य : लोकेश्वरी

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए नगर में स्वीकृत 78 लाख के निर्माण कार्यों को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने दिए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे और उप अभियंता उमयंती ठाकुर को सतत नगर भ्रमण कर मूलभूत सुविधा का निरीक्षण करते हुए आवश्यकता अनुसार संबंधित कर्मचारी को निर्देश देकर पानी बिजली की व्यवस्था करने को कहा। प्रेसिडेंट इन काउंसिलिंग में लिए गए निर्णय अनुसार सभी निर्माण कार्यों के निविदा समिति दर अनुमोदन के बाद आगे नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को नियमानुसार निर्माण कार्यों के अंतर की राशि नगर पंचायत में जमा करते हुए वर्कआर्डर देने के निर्देश दिए गए। चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण कर पूर्ण कार्यों का संबंधित ठेकेदारों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।



### 78 लाख के निर्माण कार्य स्वीकृत

लोकेश्वरी गोपी साहू ने बताया कि स्वीकृत 78 लाख के निर्माण कार्य में वार्ड क्रमांक 12, 13, 14, विवेकानंद चौक से फॉरेस्ट नाका तक एलईडी लाइट कार्य, वार्ड क्रमांक 15 अंडी चौक से सामुदायिक सांस्कृतिक भवन साहू सदन तक सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड 10 जैतखाम से प्रहलाद मालेकर घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड 13 योगेश श्रीवास्तव घर से टेकसिह पांड़े घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण सहित अन्य कार्य शामिल है।

साइबर क्राइम से बचने के लिए लोगों को किया जागरुक

## दशहरा मैदान में पुलिस ने चलाया अनोखा अभियान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

साइबर रावण ने कहा कि तेरी अज्ञानता ही मेरी ताकत है। साइबर क्राइम से बचाने पुलिस प्रशासन की अनोखी पहल से लोगों में जागरूकता लाने अब कार्यक्रमों स्थल पर जागरूकता अभियान युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

जिला मुख्यालय में रावण का पुतला दहन के दौरान बालोद पुलिस लोगों को अनोखे अंदाज में साइबर क्राइम से बचने जागरूक करते नजर आई। साइबर पुलिस ने साइबर रावण का पोस्टर लगाया जिसके माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम से बचने और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान फ्राड काल नहीं उठाने तथा ओटीपी शेयर नहीं करने सहित लोगों को धोखाधड़ी का शिकार होने से बचने की अपील की। इस बीच रावण पुतला दहन के बाद विधायक संगीता सिन्हा ने साइबर रावण के साथ सेल्फी ली और उन्होंने भी लोगों को साइबर क्राइम से बचने अपील की।

### विजयादशमी पर थाने में की गई शस्त्र पूजा



**डौंडीलोहारा।** नगर के पुलिस थाना शस्त्रागार में विजयादशमी पर शनिवार को परंपरा अनुसार शस्त्रों की विधिवत पूजा अर्चना की गई। पुजारी द्वारा मंत्रोच्चार के बीच टीआई वीणा यादव ने पूजा की। इस अवसर पर थाना का पूरा स्टॉफ उपस्थित रहा।

### छावनी आईटीआई ग्राउंड में खप रहा चोरी का लोहा

**भिलाई।** प्लांट से चोरी के लोहा का कारोबार फिर छावनी आईटीआई ग्राउंड पानी टंकी के पास शुरु हो गया है। कारोबार भोर में शुरु हो जाता है। दिन निकलते ही सारा काम बंद हो जाया करता है। सूत्रों के मुताबिक प्लांट से निकलने वाले वाहन सीधे इस कबाडी के दुकान में पहुंचते हैं। ट्रेलर से आने वाले लोहा को उतारा जाता है। वहीं कुछ कटिंग का काम गोदाम के भीतर किया जाता है। इसके बाद डीआई वाहन से दूसरे जगह शिफ्ट किया जाता है। पुलिस हर दिन रात में गश्त करने के बाद जब लौट जाती है। तब यहां कारोबार शुरू होता है। भारी वाहनों का मूवमेंट इस स्थान पर सुबह 6 बजे से शुरू हो जाता है। दो से तीन घंटे के दौरान यहां लोहे की खरीद फरोख्त की जाती है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

**खबर संक्षेप**



## संगीत विद्यालय के विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**रायपुर।** नवरात्रि पर्व के अष्टमी और नवमी के शुभ अवसर पर सियान सदन दुर्गा पूजा पंडाल में शुक्रवार को माता की भक्ति के लिए संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायपुर के 'सा रे गा मा पा' संगीत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार संगीत संध्या में समां बांधा। साथ ही संगीत गुरु डॉ. एनडी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में और राहुल चक्रवर्ती के संयोजन में अनेक कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति देने वाले कलाकार कुलदीप कोल्हेकर, प्रत्यक्ष निगम, सत्यम निगम, सावनी बजाज, सोमा कोरी, आयुषी लोधी, स्वस्ति धामने, रुद्राक्ष चक्रवर्ती, श्रीजा चक्रवर्ती, अनुष्का भट्टाचार्य, मिस्श्का सरदार, शरण्य आदित्य, संचित आदित्य, पृथ्वी तांडी, भूमि सागर, लता महानंद आदि शामिल थे।

## मराठा युवा समाज ने किया शस्त्र पूजन



**रायपुर।** विजयादशमी के अवसर पर मराठा युवा समाज द्वारा अपनी पुरातन संस्कृति एवं पद्धति को आगे बढ़ाते हुए शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्रोपचार द्वारा शस्त्रों की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही अनाज से रावण की प्रतीकात्मक तस्वीर उकेर कर प्रतीकात्मक रूप से वध किया गया। यह कार्यक्रम मराठा बोर्डिंग बूढ़ापारा में किया गया। इस मौके पर मराठा युवा अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने विजयादशमी के दिन देवी मां भवानी को प्रसन्न कर तलवार प्राप्त की थी, तभी से मराठा अपने शत्रु पर आक्रमण की शुरुआत दशहरे से ही करते थे। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युवा मराठा समाज द्वारा भी मराठा बोर्डिंग बूढ़ापारा में शस्त्र पूजन धूमधाम से किया गया।

## भाजपा की पुरानी सदस्यता रद्द करने के पीछे डबल सदस्यता भी बड़ा कारण

**रायपुर।** भाजपा ने पुराने 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता को रद्द करके नए सिरे से सदस्य बनाने का अभियान प्रारंभ किया है। इस बार दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 8 करोड़ से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है, तो यहां पर 37 लाख सदस्य बन गए हैं। प्रदेश भाजपा संगठन को 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। पुरानी सदस्यता रद्द करने के पीछे एक बड़ा यह भी सामने आ रहा है कि जब 2019 में सदस्यता अभियान चलाया गया था, तब देशभर में सात करोड़ सदस्य बने थे। इसमें लाखों की संख्या में ऐसे सदस्य भी शामिल हैं, जो पहले से ही भाजपा के सदस्य थे। यानी एक ही सदस्य की डबल सदस्यता हो गई थी। ऐसे में सदस्यों के सही आंकड़े भी नहीं मालूम हो रहे थे। अब नए सदस्य बनेंगे तो उनकी सदस्यता डबल नहीं होगी और सही आंकड़े भी सामने रहेंगे। भाजपा ने इस बार जब सदस्यता अभियान प्रारंभ करने के बारे में विचार किया तो इसमें सबसे अहम यह बात देखी गई कि अगर पुराने सदस्यों के रहते हुए नए सदस्य बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा तो फिर से 2019 की तरह डबल सदस्यता हो सकती है। भाजपा के जानकारों का कहना है कि जब दिल्ली में सदस्यता अभियान को लेकर देश भर के राज्यों की बैठक हुई थी तो उसमें यह बात सामने आई थी कि 2019 में जब सदस्यता अभियान चलाया गया था तो हर राज्य में भाजपा के पुराने सदस्यों ने भी मिस्ड कॉल करके सदस्यता लेने का काम किया था। अगर फिर से पुराने सदस्यों के रहते अभियान चलाया जाता तो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि फिर से थोक में पुराने सदस्य मिस्ड कॉल करके सदस्यता ले लेते।

# 17 जून को आया मानसून 17 अक्टूबर तक होगा विदा, मौसम रूखा तो रात में हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में 17 जून को दस्तक देने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून 17 अक्टूबर तक विदा हो जाएगा। मानसून के जाने के बाद मौसम में रूखापन आने से रात में ठंडकता महसूस होगी। मानसून के असर से जिले में 30 सितंबर तक 982 मिमी. और उसके बाद 12 अक्टूबर तक केवल 8.7 मिमी. बारिश हुई है। अभी दिन, रात का तापमान सामान्य से ढाई डिग्री ज्यादा होने की वजह से उमस की परेशानी बनी हुई है।

प्रदेश में शुक्रवार से मानसून की विदाई शुरू हुई है, मगर पेंड्रा से लौटने के बाद उसकी गति थम गई है। माना जा रहा है कि अगले तीन से चार दिनों में इसकी वापसी प्रदेश के कई जिलों से हो जाएगी। रायपुर जिले में इस बार मानसून अपने निर्धारित समय से थोड़ा विलंब यानी 17 जून को रायपुर पहुंचा था। जून में वर्षा सामान्य रही, मगर जुलाई में अच्छी बारिश से औसत कोटा पूरा हो गया था। अगस्त सितंबर में मानसून की सक्रियता सामान्य रही और 30 सितंबर को सीजन समाप्त होने तक यहां 982 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो औसत से कम रही।

अक्टूबर से बाद खंड वर्षा के रूप में बारिश हुई और जिले में आंकड़ा 8.7 मिमी. पर ही सिमटकर रह गया। विशेषज्ञों कहना है कि दूसरे पखवाड़े में मानसून की विदाई के बाद रात के तापमान में गिरावट आएगी, जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। अभी शहर में दिन और रात की गर्मी सामान्य से ढाई डिग्री तक अधिक है। इसकी वजह से दोनों समय उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान किए हुए है।

- 30 सितंबर तक 982 मिमी., 1 से 12 अक्टूबर तक 8.7 मिमी. वर्षा
- दिन, रात का तापमान अभी ढाई डिग्री ज्यादा, उमस से परेशानी



### बीस डिग्री से नीचे जाने पर राहत

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार शहर में रात का तापमान बीस डिग्री से नीचे जाएगा, तो मौसम में ठंडकता आएगी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार तीसरे और चौथे सप्ताह में पारा 17-18 डिग्री तक पहुंचता है, जिससे उमस की समस्या खत्म होती है। अभी रात का तापमान 26 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से काफी ज्यादा है।

## सहकर्मियों से समस्याओं के बारे में खुलकर करें बात मदद लेने में न करें संकोच




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला अस्पताल में मनाए जा रहे विश्व मानसिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यक्रम में चिकित्सकों ने कहा कि अपनी समस्याओं के बारे में सहकर्मियों से खुलकर बात करें और किसी से मदद लेने में संकोच ना करें। लगातार दो सप्ताह तक तनाव महसूस होता है, तो चिकित्सकों की सलाह लें।

- जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

आयोजित कार्यक्रम थीम कार्य क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता था। इस दौरान जिला मानसिक स्वास्थ्य के नोडल डा. संजीव मेश्राम, मनोचिकित्सक अविनाश शुक्ला, शोएब, डा. निलय मोझरकर ने अस्पताल स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कार्य स्थल में रखने के तरीके बताए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने उदाहरण सहित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि देश में आत्महत्या की बड़ी मानसिक समस्या होती है। आर्थिक, मानसिक, सामाजिक कारणों के साथ नशे की वजह से भी लोग जीवन समाप्त करने का फैसला करते हैं। ऐसे लोगों की मदद कर उन्हें तनाव से दूर किया जा सकता है, इसलिए आसपास के लोगों से स्वभाव में होने वाले बदलाव पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक में व्यवसनों की वजह से मानसिक अवसाद में घिर चुके लोगों के इलाज की जानकारी भी दी गई।

### चिकित्सकीय सेटअप, उपकरणों के लिए बजट स्वीकृत पर काम शुरू नहीं

# मोतियाबिंद सर्जरी से आगे नहीं बढ़ पाया माना का अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नेत्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए माना अस्पताल को क्षेत्रीय नेत्र संस्थान बनाने की घोषणा की जा चुकी है, मगर काम शुरू नहीं होने की वजह से मामला मोतियाबिंद की सर्जरी से आगे नहीं बढ़ पाया है। अनपूरक बजट में चिकित्सकीय सेटअप के सात उपकरणों के लिए एक करोड़ का बजट भी स्वीकृत हुआ था, पर योजना कागजों से बाहर नहीं आ पाई है।

खास खबर

प्रदेश में बड़े स्तर पर नेत्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए शासकीय स्तर पर अस्पताल की आवश्यकता है। अभी छोटी-मोटी बीमारियों को छोड़कर आंखों की बीमारी के इलाज के लिए लोगों को निजी अस्पताल में जाकर पैसे खर्च करने पड़ते हैं। लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कोविड के बाद मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए उपयोग किए जा रहे माना अस्पताल को डेढ़ सौ बेड की क्षमता वाले बड़े संस्थान के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई थी।

यहां आधुनिक तरह के उपकरण, माड्यूलर ओटी सहित विभिन्न सुविधाएं जुटाने के साथ 61 चिकित्सकीय स्टाफ के सेटअप को मंजूरी दी गई थी। तीन करोड़ की इस योजना के तहत पहली किश्त में एक करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे। तीन माह का समय बीतने के बाद भी रीजनल आई इंस्टीट्यूट का काम आगे नहीं बढ़ पाया है और माना अस्पताल के नेत्र चिकित्सक मोतियाबिंद की सर्जरी कर अपनी ड्यूटी पूरी कर रहे हैं।

### क्षेत्रीय नेत्र संस्थान बनाने की हुई थी घोषणा



### नीचे सिविल अस्पताल ऊपर आई इंस्टिट्यूट

माना अस्पताल के ऊपरी मंजिल को आई इंस्टिट्यूट में विकसित किए जाने के साथ वहां भूतल पर संचालित सिविल अस्पताल में भी सुविधाएं बढ़ाने की योजना है। वर्तमान में माना सहित आसपास के लोगों को वहां सर्दी-खांसी सहित अन्य उपचार के लिए ओपीडी, आईपीडी की सुविधा दी जाती है। योजना में दोनों का सेटअप अलग-अलग रखा गया है।

- प्रदेश में बड़े स्तर पर नेत्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए शासकीय स्तर पर अस्पताल की आवश्यकता है
- आधुनिक तरह के उपकरण, माड्यूलर ओटी सहित विभिन्न सुविधाएं जुटाने के साथ 61 चिकित्सकीय स्टाफ के सेटअप को मंजूरी दी गई थी

### निजी अस्पतालों से दूर आयुष्मान

मोतियाबिंद सहित आंखों की कुछ अन्य बीमारियों के आयुष्मान योजना के तहत उपचार की सुविधा निजी अस्पतालों में नहीं है। इसके साथ ही शासकीय अस्पतालों में नेत्र संबंधी परेशानियों के उपचार के लिए कई जरूरी उपकरण नहीं है। दोनों वजह से नेत्ररोग से पीड़ितों को कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है और उन्हें इलाज के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

## रतन टाटा को चैंबर ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने चैंबर भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर देश के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत के महानायक का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने न सिर्फ टाटा समूह को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बल्कि भारतीय उद्योग को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई। उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने कई ऐतिहासिक अधिग्रहण किए और समाज कल्याण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने सफल उद्योगपति होने के साथ समाजसेवक के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया। श्रद्धांजलि सभा में चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

- समाज सेवा और उद्योग के क्षेत्र में किये कार्यो को किया याद

### पुलिस ने नशारूपी राक्षस पुतले का किया दहन



**रायपुर।** विजयादशमी के अवसर पर रायपुर पुलिस ने शहर के कई थाना क्षेत्रों में रावण की जगह नशारूपी राक्षस के पुतला दहन किया। पुलिस जिले में निजात अभियान के तहत नशे के खिलाफ अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत पुलिस ने अब दशहरा पर्व पर सिविल लाइंस क्षेत्र में छोटा मरीन ड्राइव के पास, खम्हारडीह सहित अनेकों जगहों पर नशारूपी राक्षस पुतला जलाया।

## कर्मचारी संगठनों के ऐलान के बाद जागा सामान्य प्रशासन विभाग, बुलाई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय दिनांक से महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्तों की एरियर्स राशि, चार स्तरीय वेतनमान, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, अर्जित अवकाश नकदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिए जाने की मांग को लेकर अधिकारी कर्मचारी बेमुद्दत हड़ताल की तैयारी कर रहे हैं। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने इसकी रणनीति बनाने 20 अक्टबर को संगठनों की बैठक बुलाई है। इधर जीएडी ने 15 अक्टूबर को संगठनों की यह बैठक प्रमुख सचिव निहारिका सिंह की अध्यक्षता में बुलाई है।

- अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर बना रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल की रूपरेखा

बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं, मांगों की समीक्षात्मक प्रक्रिया शुरू करने और निराकरण का रास्ता निकालने पर चर्चा होगी। बैठक के लिए जीएडी ने प्रदेश अधिकारी संघ, प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ और तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के दो-दो प्रतिनिधि बुलाए गए हैं। बैठक मंगलवार को दोपहर 3 बजे से समिति कक्ष में होगी। भाजपा सरकार ने कुछ माह पहले ही कमेटी का गठन किया था। यह बैठक पहली होगी। बताया जाता है कि कर्मचारियों के मामले मे भाजपा सरकार ने जो समिति बनाई है, उसमें प्रमुख्य सचिव विधि विधायी, सचिव जीएडी और सचिव वित्त को शामिल किया है। कर्मचारियों के मामलों में उनसे चर्चा कर सरकार हल निकालने की पहल करने समिति का गठन किया है।




### जनवरी से लंबित डीए

इसके पूर्व कर्मचारी संगठनों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए कई बार क्रमिक आंदोलन किया। आंदोलन के बाद भी उनको जनवरी में दिया जाने वाले महंगाई भत्ते का आदेश नहीं हो पाया। कर्मचारियों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय मोदी ने जो गरंटी दी थी, उसमें भी ये बिंदु शामिल हैं, लेकिन इस पर कोई निर्णय नहीं लिए जाने से कर्मचारी संगठन खफा हैं। अब वे दीपावली के समय इसकी घोषणा करने सरकार पर दबाव बनाने 20 अक्टूबर को हड़ताल पर जाने का प्लान बनाया है।

## पहली बार पॉवर कंपनी कोरबा में लगाएगी 30 मेगावाट का सोलर प्लांट

- पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कई बड़ी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बिजली का उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है। अब कोरबा पूर्व में बंद हुए राखड़ बांध की खाली जमीन पर 30 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने का डीपीआर तैयार किया गया है। इसको प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। इसी के साथ अन्य योजनाओं में अब मड़वा में 660 मेगावाट की भी नई योजना की तैयारी है।

- कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र लगाने की मंजूरी राज्य सरकार पहले ही दे चुकी है

कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र लगाने की मंजूरी राज्य सरकार पहले ही दे चुकी है। इसे लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। कुल मिलाकर नई योजनाओं के माध्यम से करीब 14 हजार मेगावाट उत्पादन बढ़ाने की तैयारी है।

राज्य सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं। अब उसी स्थान पर नए संयंत्र लगाने की तैयारी है। इसे लेकर उत्पादन कंपनी तैयारी कर रही है। इसी के साथ कोरबा पूर्व में 30 मेगावाट का सोलर प्लांट लगेगा। इस पर करीब 150 करोड़ खर्च होगा।




### अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता

अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। उत्पादन के मामले में यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में यह उत्पादन 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी है, उस यूनिट में जब करीब आठ साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था। आज की स्थिति में जहां अपना उत्पादन 2980 मेगावाट है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से करीब साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर मिलता है। ऐसे में राज्य में बिजली छह हजार मेगावाट से ज्यादा हो जाती है।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या करीब 65 लाख हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी में है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।

### पानी से पैदा होगी 7700 मेगावाट बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इसमें हसदेव बांगो कोरबा और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12-12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए तैयारी हो गई है। पहले चरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में 35 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन पानी से किया जाएगा। क्षमता इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7700 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

## साइंस कॉलेज चौपाटी पर सियासी बवाल, मूणत बोले- नियम के विरुद्ध अवैध बनी, हटेगी, उपाध्याय ने कहा- हटाना गलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति ने साइंस कॉलेज की चौपाटी को हटाने का फैसला कर लिया है। इस फैसले के बाद अब सियासी बवाल मच गया है। इसको हटाने का विरोध होने लगा है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का कहना है, गरीबों की रोजी-रोटी को छीनना गलत है। विधायक राजेश मूणत का कहना है, यह चौपाटी नियम के विरुद्ध अवैध बनी है। जो जमीन नगर निगम की है ही नहीं, उस पर इसको बनाया गया है, इसके लिए एनओसी भी नहीं मिली है। इसीलिए चौपाटी को हटाने का फैसला सही है। पूर्व कांग्रेस की सरकार ने चुनाव के पहले आनन-फानन में टेंडर करके इसको दे दिया। इतनी जल्दी क्या थी।

स्मार्ट सिटी द्वारा ही छह करोड़ की लागत से बनाई गई चौपटी को अब स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की बैठक में हटाने का फैसला हो गया है। अब इस चौपाटी के स्थान पर वहां पर बच्चों के लिए प्लेइंग और विद्यार्थियों के लिए ओपन रीडिंग जोन बनाया जाएगा। इस चौपाटी को हटाने का फैसला सामने आने पर इसके विरोध में अब पूर्व विधायक विकास उपाध्याय खड़े हो गए हैं।

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का कहना है चौपटी को हटाने नहीं दिया जाएगा। यहां पर गरीबों की रोजी-रोटी चल रही है। आस-पास में विद्यार्थियों के कई छात्रावास हैं। यहां रहने वाले विद्यार्थी चौपाटी में खाने के लिए आते हैं। यहां की व्यवस्था को लेकर किसी तरह की कोई शिकायत नहीं है। राजेश मूणत महज अपनी जिद के कारण इसको हटाना चाहते हैं। सत्ता के नशे में राजेश मूणत और बृजमोहन अग्रवाल अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। भगवान इनको सद्बुद्धि दे इसके लिए हम यज्ञ करेंगे और चौपाटी को हटाने के विरोध में आंदोलन किया जाएगा। श्री उपाध्याय ने कहा, भाजपा के सांसद और विधायक को रामसागर पारा और सदर बाजार का ट्रैफिक नहीं दिखता है। पूरे शहर में ट्रैफिक का बुरा हाल है। चौपाटी में तो ट्रैफिक की भी कोई समस्या नहीं है।

### निगम की जमीन ही नहीं तो कैसे बना दिया : मूणत

राजेश मूणत का कहना है कि जो जमीन नगर निगम की है ही नहीं उस जमीन पर आखिर कैसे इस चौपाटी को बना दिया गया। इसके लिए एनओसी भी नहीं मिली है, उसके बाद भी यहां पर चौपाटी बनाई गई। कांग्रेस की सरकार में यहां पर यूथ हब बनाने की बातें कांग्रेसी नेता करते थे, तो मेरा उनसे सवाल है कि क्या चौपटी ही यूथ हब है। आखिर यूथ हब की परिभाषा क्या है। चौपाटी बनाने के बाद इसको विधानसभा चुनाव के पहले आनन-फानन में टेंडर निकालकर चलाने के लिए दे दिया गया। हाईकोर्ट में भी जाकर गलत जानकारी दी गई है। श्री मूणत ने कहा, हमारा मकसद किसी का रोजगार छिनना नहीं है। लेकिन जो जमीन आपकी है ही नहीं, उस पर कैसे कोई निर्माण कर सकता है। इसलिए चौपाटी को हटाने का फैसला किया गया है। हमने तो पहले भी कांग्रेस सरकार में इसका विरोध किया था और दस दिनों तक धरना दिया था।

## डब्ल्यूआरएस मैदान पर साउंड सिस्टम लगा रहा श्रमिक ऊंचाई से गिरा, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के डब्ल्यूआरएस मैदान पर दशहरा उत्सव कार्यक्रम के पूर्व एक हादसे में एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कर्मचारी साउंड सिस्टम लगा रहा था, जिसके लिए वह ऊंचाई पर चढ़ा था। इस दौरान अचानक वह सीधे नीचे जमीन पर आ गिरा, जिससे वह बेहोश गया। हादसे के बाद उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खमतराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डब्ल्यूआरएस मैदान पर दशहरा उत्सव कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों में लोग लगे हुए थे। इस दौरान यहां साउंड सिस्टम भी लगाया जा रहा था। यह सिस्टम जमीन से 8 से 10 फीट ऊंचा है। बताया गया कि साउंड सिस्टम को ऊंचाई तक लगाने के लिए लिफ्ट की तरह चेन का उपयोग किया जाता है। इसमें एक चेन ऊपर जाने के लिए और दूसरी चेन नीचे आने के लिए रहती है। बताया गया कि परमानंद ठाकुर नामक श्रमिक साउंड सिस्टम को फिट कर रहा था। उस समय वह ऊपर काम कर रहा था। काम खत्म करने के बाद वह नीचे उतरने वाली चेन को न पकड़कर ऊपर जाने वाली चेन को पकड़कर उस पर लटक गया।



इससे उसके हाथ से चेन स्लिप हो गई और वह सीधे जमीन पर आ गिरा। जमीन पर गिरते ही वह बेहोश गया। इस हादसे के बाद वहां मौजूद अन्य लोगों ने परमानंद को होश में लाने का प्रयास भी किया, लेकिन वह होश में नहीं आया। इसके बाद उसे एंबुलेस की मदद से अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट केम्प का आयोजन 16 अक्टूबर को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर में 16 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक इवेन लाइवलीहुड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा डिलिवरी एसोसियेट केवल महिला के लिए 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आठवीं पास एवं बेसिक इंग्लिश तथा आयु 18 प्लस आवश्यक है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर प्लेसमेंट रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते हैं।

### लंगर में तीन हजार से अधिक लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

**दुर्ग।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर माता तालाब स्थित मरारपारा पोटिया में सूरज नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब तीन हजार लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान समिति के सदस्य और स्थानीय कार्यकर्ता भोजन सामग्री के प्रबंध और व्यवस्था को लेकर सक्रिय रहे। सूरज नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष ने बताया कि लंगर के आयोजन में समिति के सदस्यों व स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भूमिका निभाई। शाम 6 बजे लंगर आरंभ होने के बाद रात नौ बजे तक महाप्रसाद ग्रहण करने वालों का तांता लगा रहा। इससे पहले नवमी के दिन पूजा पंडालों में कुंवारी कन्याओं के भोजन का आयोजन किया गया।

### एसपी शुक्ला ने की शस्त्र पूजन

**भिलाई।** विजय दशमी के पर्व पर पुलिस लाइन दुर्ग में एसपी समेत विभाग के अधिकारियों ने शस्त्रागार में शस्त्र पूजा किया। एसपी जितेन्द्र शुक्ला पत्नी संगीता शुक्ला के साथ कार्यक्रम में पहुचे। पहले माता दुर्गा की पूजा एवं शस्त्रों की पूजा पंडित के मंत्र उच्चारण के साथ शुरु हुई। पूजा विधि विधान से संपन्न होने के बाद पुलिस अधिकारियों के द्वारा हवाई फायरिंग भी किया गया। सभी अधिकारी कर्मचारियों को विजयदशमी की बधाई दी गई।

### प्रांतीय अग्रवाल संगठन के कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यपाल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल एवं प्रदेश महासचिव मनोज अग्रवाल ने बताया कि संगठन का एक भव्य कार्यक्रम 13 अक्टूबर को रायपुर के एस एन पैलेस में संपन्न होने जा रहा है जिसमें राज्यपाल रमन डेका मुख्य अतिथि होंगे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अमर अग्रवाल एवं संपत अग्रवाल के विशिष्ट अतिथि में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में प्रदीप मित्तल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन भी विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। संगठन के संरक्षक महेंद्र सकसेरिया एवं जयदेव सिंघल ने बताया कि अग्रवाल समाज के सदस्य अग्रसेन जयंती को अपने-अपने नगर एवं शहर में प्रतिष्ठापूर्ण ढंग से मनाते हैं प्रदेश के सभी अग्रवाल बंधु एक साथ एकत्रित नहीं हो सकते इसलिए 13 अक्टूबर को पूरे प्रदेश के सभी अग्रवाल समाज के सदस्य एक साथ मिलकर अग्रसेन जयंती मनाने जा रहे हैं।

# जन जागरण दुर्गोत्सव समिति ने 9 दिन किया शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नवरात्र पर्व के अवसर पर विराटनगर बोरसी में जन जागरण दुर्गोत्सव समिति द्वारा 3 से 13 अक्टूबर तक नवरात्रि पर का आयोजन किया गया। जिसमें देवी स्थापना की गई एवं 9 दिनों तक भक्ति संध्या, नृत्य प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक नृत्य, गरबा प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, मंत्रोच्चार प्रतियोगिता, सुआ नृत्य सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्रि पर्व के अष्टमी तिथि शुक्रवार को पूर्णाहुति हवन, पूजन, कन्या पूजन एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पूजन कर माता का महाप्रसाद ग्रहण किया। जन जागरण समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा एवं महासचिव महावीर साहू ने बताया कि यह आयोजन चौथे वर्ष किया गया है एवं प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। निःस्वार्थ भाव से जनजागरण दुर्गोत्सव समिति के सदस्य एवं बोरसी कॉलोनी के निवासियों द्वारा माता की सेवा एवं अनेक आयोजनों को सफल बनाया। जिसमें संरक्षक अनुज राम साह, एडी टंडन, डॉ कृष्ण कुमार पाटिल, पोषण लाल साहू, पन्ना लाल साह, अध्यक्ष किशोर शर्मा, उपाध्यक्षए खिलूराम साहू, विजय यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमलता साहू, सचिव महाबीर साहू, सहसचिव संजय अष्टकर, शशि कुमार साहू, सहित समस्त विराट नगर वासी जुटे हुए हैं।

### कन्या पूजन के साथ हुआ महा भंडारा



#### श्रद्धालुओं ने माता को अर्पित किए श्रृंगार सामग्री

महाष्टमी पर माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए वहीं कई श्रद्धालुओं ने महाअष्टमी पर्व पर प्रसाद चढ़ाया गया। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के द्वारा माता के श्रृंगार के विभिन्न सामग्री सहित श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया यह सिलसिला पूरे नौ दिनों तक चलता रहा। शुभ मुहूर्त में आचार्य पूर्णानंद तिवारी एवं कृष्णार्जुन दुबे के सानिध्य में माता की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रों के साथ की गई। तदुपरांत हवन पूर्णाहुति के बाद महा आरती की गई।

# भाजपा सक्रिय सदस्यता अभियान पर कार्यशाला 16 से

**आयोजन**

### तैयारियों को लेकर जुंगेरा स्थित जिला भाजपा कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सदस्यता अभियान महापर्व 2024 की सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यशाला का शुभारंभ 16 अक्टूबर से होगा। इस विषय को लेकर समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक लेने भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा पहुंचे। 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यों की जानकारी सभी मंडल अध्यक्ष देंगे।

सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यशाला जुंगेरा स्थित जिला भाजपा कार्यालय में रखी गई। कार्यशाला को लेकर आयोजित बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों से मंडल में सदस्यों के विषय पर कितने सक्रिय सदस्यों की सूची की तैयारी हुई, इस विषय पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मंडलों में 200 से 250 सक्रिय सदस्य अनिवार्य रूप से बनाना है। पुराने सक्रिय सदस्यों को जोड़ना व नए ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाना साथ ही महिलाओं को खासकर सक्रिय सदस्य हर बूथ में बनाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाध्यक्ष पवन साहू ने सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया कि समय पर अपना काम कर लें। 15 तारीख अंतिम दिन है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आप सभी अपने-अपने शक्ति केंद्र बूथ में जाकर इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें।






#### जिला महामंत्री राकेश ने दी जानकारी

जिला महामंत्री व जिला संयोजक सदस्यता अभियान राकेश छोटू यादव ने प्रदेश महामंत्री को जिले की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी मंडलों की क्रमवार जानकारी पूरे आंकड़ों के साथ प्रस्तुत किया। अभी तक जिले में ऑनलाइन वह ऑफलाइन सदस्यों की भी पूर्ण जानकारी दी। बैठक का संचालन महामंत्री चेमन देशमुख ने तथा आभार प्रदर्शन पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने किया। इस बैठक में देवलाल ठाकुर, लेखराम साहू, विरेन्द्र साहू, यज्ञदत्त शर्मा, अभिषेक शुक्ला, किशोरी साहू, नरेश यदू, देवेंद्र जायसवाल, ठाकुर राम चंद्राकर, त्रिलोकी साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय मंत्री नियुक्त होने के बाद पहली बार नगर पहुंचे विजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के विजय भन्साली का स्वागत व अभिनन्दन विवेकानंद चौक पर युवा संघ के साथियों ने कुमकुम लगाकर किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय मंत्री नियुक्ति के बाद उनका नगर आगमन हुआ था।

वे गुरुदेव के दर्शन वंदन के साथ-साथ अखिल भारतीय साधुमार्गी सम्मेलन में भाग लेने राजस्थान के भीनासर प्रवास पर थे। जहां पर उन्हें यह नया दायित्व सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ व उड़ीसा अंचल के समता युवा संघ के राष्ट्रीय मंत्री के रूप में नगर के धर्मनिष्ठ सुश्रावक विजय भंसाली की नियुक्ति अखिल भारतीय साधुमार्गी संघ ने की है, जो नगर के लिए एक उपलब्धि है।

नगर के सामाजिक बंधुओं ने उनकी इस नियुक्ति का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि संघ के इस दायित्व का बड़े ही ईमानदारी से निर्वहन करेंगे साथ ही साथ जिनशासन की व धर्म के क्षेत्र की अधिक से अधिक प्रभावना हो ऐसा सार्थक प्रयास करेंगे। अधिक से अधिक युवाओं को धर्म के क्षेत्र में जोड़ना उनकी प्राथमिकता होगी।

# लिटिया में आयोजित होगा प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की बैठक विगत दिनों धमधा ब्लाक के लिटिया में रखी गई थी। जिसमें 20 अक्टूबर को लिटिया में होने वाली प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत की तैयारी की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार और सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

किसान महापंचायत में प्रदेशभर से दो हजार किसान प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है, किसान महापंचायत में केंद्र और राज्य सरकारों की कृषि नीति, कार्यक्रम और योजनाओं पर चर्चा करके कृषि और किसानों के हित में प्रस्ताव पारित किया जायेगा। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की बैठक में पिछले एक पखवाड़े से वर्षा नहीं होने के कारण धान की फसल को पकाने के लिए किसानों के जद्दोजहद पर चर्चा करके किसानों ने कहा कि, अटल ज्योति योजना में 6 घंटे की बिजली कटौती को तत्काल स्थाई रूप से बंद किया जाना चाहिए और सिंचाई पंपों को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहिए। बैठक में किसानों ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि, अर्ली वेरायटी के धान बोने वाले किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने के अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे और दीवाली के बाद 4 नवम्बर से खरीदी शुरू करें। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की बैठक में सुखसागर वर्मा, पंचराम साहू, राजेन्द्र साहू, लेखचंद साहू, अमृतलाल गुप्ता, प्रभूलाल साहू, अनंदराम, पवन कुमार, कुलेश्वर, रुखुम साहू, धनेशराम ठाकुर, नानकराम वर्मा, प्रताप, लतेलू राम, सुखू मंडावी, योगेश्वर दिल्लीवार, जीवनंदन दिल्लीवार, बाबूलाल साहू, मुरारी साहू, कांतिलाल देशमुख, मेघराज मढ़रिया, आई के वर्मा, राजकुमार गुप्त आदि शामिल थे।

- **सिंचाई हेतु 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की मांग**

# फेसबुक में भगवान राम पर टिप्पणी, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्ग शहर के तत्वाधान में आज कोतवाली थाना पहुंचकर शहर अध्यक्ष शहर मंत्री और शहर संयोजक के नेतृत्व में रितेश राय, प्रदीप कश्यप साहित्य अन्य ने थाना कोतवाली में ज्ञापन सोपा। पत्र में लिखा गया है कि एक युवक ने भगवान रामचंद्र और जगत जननी मां जानकी के ऊपर अश्लील टिप्पणी की गई है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इसकी कड़ी निंदा करते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान बजरंग दल विभाग सह संयोजक राकेश रामलोचन तिवारी, मातृशक्ति विभाग सह संयोजिका रानी साहू, विश्व हिंदू परिषद ज़िला सह मंत्री विजय दूबे, बजरंग दल ज़िला संयोजक सौरभ देवांगन, मातृशक्ति ज़िला संयोजिका शशि बँछोर, ज़िला सह संयोजिका अंकिता तिवारी, ज़िला सेवा प्रमुख प्रीति तिवारी, विहिप नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, नगर मंत्री नीरज राठौर, नगर संयोजक बलदाऊ साहू, नगर सह संयोजक मिलाप निषाद, नगर सह संयोजक राकेश राज, नगर गौरक्षा प्रमुख नरसिंग सिन्हा, मातृशक्ति भिलाई नगर संयोजिका अंजली पटनायक, मातृशक्ति कार्यकर्ता भारती बेन, राहुल सिन्हा, किशन साहू, मनीष सोनकर, कमलेश मालापुरे, रोहित तांडेकर, आयुष, अनिल पटेल, चिंटू शर्मा, शुभम खरोले ओमप्रकाश यादव के साथ अन्य उपस्थित रहे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़ मो. 9981321524/7223011528 समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव INTL Ayurvedic Consultant राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# गरबा में झूमे पूर्व सीएम भूपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पद्मनामपुर मिनी स्टेडियम में नवरात्र पर्व पर आयोजित दो दिवसीय गरबा उत्सव के आखिरी दिन बुधवार को रंग बिरंगी लाईट और लाईव म्यूजिक के बीच हजारों महिलाओं और बालिकाओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ ताल में ताल मिलाकर देश भक्तिगीतों पर गरबा नृत्य किया।

इससे पहले श्री बघेल पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ गरबा स्थल में पहुंचे और मां दुर्गा की आरती भी की। गरबा उत्सव की साज सज्जा आकर्षक सजावट के साथ बेहतरीन व्यवस्था को देखकर श्री बघेल अभिभूत हो गए। उन्होने कहा कि नवरात्रि पर्व में गरबा मां दुर्गा की आराधना के साथ हमारी संस्कृति को जीवन्त बनाते है। नवरात्र में गरबा का आनंद अलौकिक व अद्भुत है। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू व पूर्व विधायक अरुणवोरा ने भी आयोजन के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल की सराहना की। आयोजन में छालीवुड कलाकार आास्था शर्मा, काजल श्रीवास, ज्योत्सना ताम्रकार, बाल कलाकार दर्शन जैन, रोनित राय भी शामिल हुए। इस दौरान चरोदा महापौर निर्मल कोसरे, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, आरएन वर्मा, राजेन्द्र साहू, सभापति राजेश यादव, अल्ताफ अहमद, संजय कोहले, दीपक साहू, हमीद खोखर, भोला महोबिया, फतेह सिंह भाटिया, सुशील भारद्वाज, संदीप वोरा, आयुष शर्मा, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, अनुप वर्मा, निकिता मिलिन्द, अमोल जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे। वही इस गरबा महोत्सव के सहयोगी संस्था रोटरी क्लब, जेसीआई, जैन सोशल ग्रुप, लायंस क्लब, अग्रवाल यूथ क्लब, वायई दुर्ग, प्रवीण भूतड़ा, दीपक जैन, योगेश राठी, ललित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, मनीष सोनी थे।

खबर संक्षेप




## मतदाता जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

**डौंडीलोहारा।** 13 अक्टूबर रविवार को नगर पंचायत डौण्डीलोहारा क्षेत्रांतर्गत नगर में 'जागव-वोटर' 'जाबो' कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए रैली के माध्यम से प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों ने वोट डालने एवं नागरिकों को जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने नगर भ्रमण कर अपील की। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के सहायक नोडल अधिकारी अमित कुमार श्रीवास लेखापाल, कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां एवं समस्त सफाई मित्र उपस्थित थे।

जागरुकता

### दशहरा से एक दिन पहले पर्यावरण प्रेमियों ने चलाया पर्यावरण जागरुकता अभियान

# पर्यावरण बचाने के लिए प्लास्टिक रूपी रावण को नष्ट करना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

विजयादशमी असत्य पर सत्य की और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इसमें हमें अपनी बुराईयों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। बुराई रूपी रावण का दहन करना चाहिए। कुछ इसी तरह का संदेश देते हुए जिले के पर्यावरण प्रेमियों ने दशहरा पर्व से एक दिन पहले दैहान तरोद जंगल में पहुंच कर जंगले में बिखरे हुए प्लास्टिक, बाटल को एकत्रित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने हाथों में पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक रूपी रावण हटाओ जैसे स्लोगन लिखकर आम जनता को जागरूक किया। बता दें कि दैहान तरोद जंगल है, जहां पर सड़क निर्माण के लिए लगभग 07 किमी क्षेत्र के लगभग 30 हजार पेड़ काटकर सड़क चौड़ीकरण होना प्रस्तावित था, जिसे बचाने के लिए पर्यावरण टीम ने लगातार आंदोलन करके पेड़ों को कटने से बचाया था। पर्यावरण प्रेमी भोज साहू ने इस अभियान में बताया कि हम प्रतिवर्ष विजयादशमी पर्व पर रावण को जलाते हैं, लेकिन रावण से भी ज्यादा खतरनाक प्लास्टिक हो गया है, जो कि आज पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। आज हम जिधर भी नजर डालें, प्लास्टिक बिखरे हुए मिलते हैं। प्लास्टिक को खत्म होने में हजारों वर्ष लग जाते हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, जमीन बंजर हो रही है। इसी संदेश को लेकर इस दशहरा से पहले लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्लास्टिकरूपी रावण को नष्ट करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

■ दैहान तरोद जंगल में चलाया सफाई अभियान




### पर्यावरण को बचाने के लिए हम सबको जागरूक होने की आवश्यकता : विरेंद्र

ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह ने बताया कि हम लोग लगातार जन जागरूकता अभियान चलाकर आमजनों को जागरूक करते हैं। आज हमने दैहान तरोद जंगल में फैले हुए प्लास्टिक को एकत्रित कर पर्यावरण को बचाने के लिए प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सबको जागरूक होने की आवश्यकता है। अभियान में विनीता, साक्षी, प्राची, भावना पांडेय, तृषा, प्रफुल्ल, भूमि, सुशांत, नेहा, प्रियांशी, प्रियंका, प्रियांशु, राहुल, मोहित, कुमकुम शामिल रहे।

ग्राम खपरी ब में कलामंच जर्जर

# अनहोनी की आशंकाओं के बीच होते हैं कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

विकासखंड गुंडरदेही के ग्राम खपरी ब में सन 1999 में बना कलामंच अत्यधिक जर्जर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस कलामंच की मरम्मत के लिए सरपंच से लेकर विधायक और अधिकारी तक को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीण सदस्य चुरामन साहू, किरण, दीनदयाल, खोमन लाल, आसकरण, शत्रुघ्न, कमलनारायण, छन्नू लाल, प्यारेलाल, दीनराम ने बताया कि यह गांव का एक मात्र कलामंच है, जहां विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उक्त भवन की छत का प्लास्टर गिर गया है, जहां से छड़ें स्पष्ट नजर आ रही हैं। छत उन्हीं छड़ों के भरोसे टिकी हैं, जबकि उसके नीचे का पूरा मलबा गिर गया है। इस तरह जर्जर छत के कारण कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता है। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्गा स्थापना, दशहरा व अन्य कार्यक्रम इसी कलामंच में होते हैं। उन्होंने ग्राम में नवीन कलामंच का निर्माण किए जाने की मांग की है।

# मां दुर्गा को विदाई देने उमड़ा जन सैलाब

**देवरीबंगला।** नवरात्रि पर 9 दिन तक पूजा अर्चना के बाद रविवार को सुबह से ही गांव-गांव में दुर्गा विसर्जन एवं ज्योति जंवारा विसर्जन शुरू हुआ। गांव में जस गीत गाते हुए ढोल मंजीरे की धुन पर भक्तों ने मां दुर्गा को विदाई दी। देवरी बंगला सहित आसपास के गांव में काफी उत्साह भी नजर आया। वहीं, कई गांव में चलित झांकी भी प्रदर्शित की गई।





जिसके माध्यम से झांकी में शामिल कलाकार शोभायात्रा में शामिल हुए। देवरीबंगला में रविवार को तथा अंचल के ग्राम पसौद, मारी, नाहंदा, फरदफोड़, खैरा,संजारी, खपराभाट,सुरसुली,परसुली, सहित अन्य गांव में शनिवार को माता के भक्तों ने दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा काफी धूमधाम से निकाली। कई गांव में चलित झांकी भी लगाया गया था। बजरंग चौक में दुर्गा, नया बस स्टैंड, भरकापारा, पुराना बस स्टैंड मारी मे धूमाल के साथ शोभायात्रा निकाली गई। वही शीतला मंदिर में भी जोत जंवारा व शोभायात्रा के साथ विसर्जन किया गया। प्रतिमाओं का विसर्जन खरखरा नदी के देवरी बंगला अनिकेत में किया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# डोंडी पहुंचे गुरुदेव सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी, किया गया भव्य स्वागत

**डोंडी।** आज नगर में पहुंचे पूज्य गुरुदेव श्री चक्र महामेरू पीठाधीपति अनंत श्री विभूषित श्री श्री श्री सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी जी का नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। गुरुदेव सच्चिदानंद मरकाटोला (गुदुम) आयोजित पांच दिवसीय श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने आए हैं। इसका आयोजन विनय पाण्डे, किरण पाण्डे द्वारा किया जा रहा है।

सुबह 10 बजे स्थानीय बजरंग बली मंदिर बस स्टैण्ड में गुरूदेव श्री सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामीजी के पहुंचने पर जिला विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष ओम गोलछा, अजय अग्रवाल, सहसचिव प्रेम शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा, महामंत्री अजय चौहान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रुपेश नायक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ईश्वर चक्रधारी, शिवम दुबे ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर व आरती उतारकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पूरा वातावरण , जयश्री राम के नारों से गूंज उठा। गुरूदेव ने मंदिर में भगवान राम-जानकी की पूजा कर भक्तों को समक्ष हिन्दू धर्म से संबंधित बातें कहीं। उन्होंने सभी सनातन भाईयों को मरकाटोला में आयोजित पांच



दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता भी दिया। उसके बाद गुरूदेव को नगर के मुख्य मार्ग होते हुए ध्वज पताका लहराते जय श्री राम के नारों के साथ शोभायात्रा निकालकर मरकाटोला पहुंचाया गया। इस अवसर पर लखन जायसवाल, अश्विनी जायसवाल, जीवन धनकर, नीलेश जायसवाल, राजेंद्र नाहर, तेजस जैन, रुपेश कोठारी, आकाश बोरकर, तेजराम साहू, भुनेश्वर धनकर, संजीव मानकर, लाल चंद जैन सहित सैकड़ों सनातनी उपस्थित थे।

